**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**17.06.2025/प्रादेशिक समाचार/18:00बजे**

**सुक्खू**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश के युवाओं को विदेशों में रोजगार पाने के लिए अब एजेंटों को पैसे नहीं देने पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्रालय से हिमाचल प्रदेश इलैक्ट्रोनिक्स विकास निगम को भर्ती एजेंट लाइसेंस प्राप्त हो गया है। इस प्रमाण पत्र के मिल जाने से अब निगम विदेशी नियोक्ताओं के लिए भारतीय श्रमिकों की भर्ती करने को अधिकृत हो गया है। निगम अब विदेशों में रोजगार के लिए हिमाचल के युवाओं की भर्ती कर सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे विदेश में रोजगार के इच्छुक युवाओं को गुमराह होने से बचाया जा सके।

**जगत सिंह नेगी**

राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि जल शक्ति विभाग के माध्यम से लोगों के कल्याण के लिए सरकार ने कई महत्वपूर्ण योजनाएं आरंभ की हैं। इन योजनाओं का समय पर पूर्ण होना आवश्यक है क्योंकि लोगों को इनका लाभ मिल सके। जगत सिंह नेगी आज रिकांगपिओ में जल शक्ति विभाग की जिले में चल रही विकास योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने अधिकरियों को निर्माणाधीन योजनाओं को निर्धारित समय के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। जगत सिंह नेगी ने बरसात के मौसम को देखते हुए पेय जल भंडारण टैंकों की साफ सफाई और उचित रखरखाव को भी कहा।

**बिक्रम ठाकुर**

भाजपा के वरिष्ठ नेता व विधायक बिक्रम ठाकुर ने आरोप लगाया है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार शिक्षकों के साथ तबादलों के नाम पर अमानवीय व्यवहार कर रही है। उन्होंने दावा किया कि तबादलों पर रोक के बावजूद जसवां प्रागपुर विधानसभा क्षेत्र में बीते 15 दिनों में 25 शिक्षकों के तबादले कर दिए गए हैं। उन्होंने सरकार से पूछा कि ये तबादले किस आधार पर किए गए। बिक्रम ठाकुर ने इन तबादलों की निष्पक्ष जांच कराने और सभी तबादलों को रद्द करने और इनके लिए जिम्मेवार अधिकारियों व नेताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

**डी.सी.सोलन**

21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां प्रदेश में जोरों पर हैं। इस कड़ी में आज सोलन के उपायुक्त मनमोहन शर्मा की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में

उपायुक्त ने संबंधित विभाग को पंचायत स्तर पर भी योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि जिला में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस खंड व पंचायत स्तर पर भी आयोजित किया जाएगा और समाज के हर वर्ग को योग के बारे में जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम आईटीआई सोलन में आयोजित किया जाएगा।

***सोलन जिला में योग दिवस मनाने के बारे में बैठक की थी, जिसमें निर्देश दिए गए कि जिला स्तर पर,उपमंड स्तर पर और पंचायत स्तर पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाए, साथ ही में सभी लोगों से आवाहन किया जाए कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस कार्यक्रम में शामिल हो और योग को अपने जीवन में अपनाएं। तो हमने सभी एसडीएम को आदेश दे दिए हैं कि वो सुनिश्चित करें कि उपमंडल स्तर पर और तहसील स्तर पर भी योग दिवस मनाया जाए.***

**दुर्घटना**

मंडी जिला के पटड़ीघाट में आज सुबह एक निजी बस के गहरी खाई में गिरकर दुर्घटना ग्रस्त हो जाने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई और जबकि 15 अन्य घायल हो गए। हमारे मंडी जिला संवाददाता मुनीष सूद ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत व बचाव कार्य आरंभ कर दिए। हालांकि भारी बारिश के चलते राहत व बचाव कार्य में बाधा आई। दुर्घटना में घायल सभी लोगों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज नेरचौक लाया गया है। ये बस जाहू से मंडी आ रही थी। दुर्घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है।

**टांडा**

टांडा मेडिकल कॉलेज में अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मारे गए यात्रियों और बीजेएमसी मेडिकल कॉलेज हॉस्टल के एमबीबीएस डॉक्टरों को आज श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनकी याद में दो मिनट का मौन रखा गया। प्रधानाचार्य डॉक्टर मिलाप शर्मा ने विमान दुर्घटना में मारे गए सभी यात्रियों और डॉक्टरों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की।

**अग्निवीर**

प्रदेश में अग्निवीर भर्ती के लिए 30 जून से 10 जुलाई तक ऑनलाईन सामान्य प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। सेना भर्ती कार्यालय शिमला की निदेशक पुष्विंदर कौर ने कहा कि शिमला, सोलन, सिरमौर और किन्नौर जिला के उम्मीदवारों के लिए ये ऑनलाईन परीक्षा शिमला, सोलन और बद्दी परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र का नाम, स्थान, रिपोर्टिंग तिथि और समय एडमिट कार्ड में अंकित होगा। पंजीकृत अभ्यार्थी अपना एडमिट कार्ड इंडियन आर्मी की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

---------------------------------------------------------------------------------------------------------